**JAIN COLLEGE JAYNAGAR**

**1-PU MOCK PAPER**

**SUB- HINDI**

**Duration: 3 Hrs 15 mins** **Max.Marks: 100**

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए-**

1-हृदय रोग के दो रूप कौन-से हैं ?

2-कमजोरी किसके समान है ?

3-सबसे ऊंचे स्थान पर बना हुआ मंदिर कौन-सा है ?

4-'नालायक' पाठ के लेखक कौन हैं ?

5- राष्ट्र की वृद्धि किसके द्वारा संभव है ?

6- वैद्य परमानंद के अनुसार लड़के को क्या हुआ है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए-**

7-शिक्षा के बारे में स्वामी विवेकानंद जी क्या कहते हैं ?

8-हार्ट अटैक के रोगी का इलाज किस तरह किया जाता है ?

9-बद्रीनारायण मंदिर की विशेषता पर प्रकाश डालिए ?

10-महादेवी वर्मा ने दोपहर के समय सबकी आँख बचाकर बिंदा के घर पहुँचने पर क्या देखा ?

11-धरती 'वसुंधरा'क्यों कहलाती है ?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?**

12-भैया अब कभी मत कहना की तुम्हारा मुँह न देखूंगा।

13-अरे बिच्छू-बिच्छू'!

14-हमारे लिए हर जगह दरवाजा बंद है।

15-तुम्हें क्या हो गया है मेरे लाड़ले।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए-**

16- इसे भ्रम हो गया है की वह बेहोश है।

17- जन का प्रवाह अनंत होता है।

18-किसको मिले मास्टरी चांस, थर्ड डिवीज़न मैट्रिक पास।

19-निंदा का उदगम ही हीनता और कमजोरी से होता है।

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए-**

20-तुलसीदास किसको आराध्य देव मानते है?

21-गोपी कृष्ण की मुरली कहाँ नहीं रखना चाहिए?

22-नारी बचपन में किसके मन में हिलोरें उठाती है?

23-कवि किससे बिछुड़कर रह गया है?

24-कवयित्री ने किसका विकास देखा?

25-सीताजी का मन कहाँ भाया?

**आ) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

26- तुलसीदास की रामभक्ति का वर्णन कीजिए ।

27-कवि की दुखी आत्मा का परिचय दीजिए ।

28-'मत घबराना' कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए ।

29- कवयित्री ने जीवन के संबंध में क्या कहा है ।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए-**

30) बहुत दिनन की जोवती, बाट तुम्हारी राम ।
जीव तरसै तुझ मिलन कूं, मनि नाहीं विश्राम॥

**अथवा**

गो-धन, गज-धन, वाजि-धन और रतन-धन खान ।
जब आवत संतोष-धन, सब धन धूरि समान।

**31)** एक क्षण के बाद वह काँपी सुघर,
ढुलक माथे से गिरे सीकर,
लीन होते कर्म में फिर ज्यों कहा -
'मैं तोड़ती पत्थर।'

**अथवा**

सुन्दर और असुन्दर जग में
मैंने क्या न सराहा,
इतनी ममतामय दुनिया में
मैं केवल अनचाहा!

**IV अ) एक शब्द या वाक्याश में उत्तर लिखिए-**

32-बालक की आँखें किसकी सौगन्ध खा रही थीं?

33-श्मशान कहानी की लेखिका कौन है ?

34-मंगलसेन ने कौन सी लड़ाई में भाग लिया था ?

35-भीख मांगना किसी भी व्यक्ति के लिए क्या है ?

36-लड़की की पढ़ाई कहाँ तक हुई थी ?

37- सरकार ने बेघर लोगों के लिए क्या बनाएँ हैं ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

38- शराबी के जीवन में मधुआ के आने के बाद क्या परिवर्तन आया ?

39- मुंशी चंद्रिका प्रसाद की लाचारी का वर्णन कीजिए ?

40- सिलिया ने अपने संकल्प को किस प्रकार साकार किया ?

41- पहली पत्नी की मृत्यु पर युवक किस प्रकार विलाप करने लगा ?

42- चंद्रप्रकाश को अपनी विवशता पर क्यों क्षोभ हुआ ?

**V अ) 43)- वाक्य शुद्ध कीजिए-**

1- स्वाति, रश्मि और अनामिका आएगी ।

2- इतना मीठी चाय मैं नहीं पी सकती ।

3- मैं गरम गाय का दूध पीना चाहता हूँ ।

4- बेटा राम का है वह ।

5- एक गीतों की किताब ला दीजिए ।

**आ) 44) रिक्त स्थान भरिए-**

**(और, ओर, किन्तु, नहीं तो, एवं )**

1- हमें अपनी सभ्यता ........संस्कृति पर गर्व है ।

2- राम, लक्ष्मण .......सीता वन को गए ।

3- चुप रहो........बाहर निकाल दिये जाओगे ।

4- यद्यपि वर्षा हुई......गर्मी समाप्त नहीं ही।

5- इस .......विद्यालय है ।

**इ)45) मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए-**

1- एक ही लकड़ी से हाँकना — अ- मौत से न घबराना

2- कफन बांध कर चलना — ब -प्रार्थना करना

3- अनुनय विनय करना — स - दूसरों की जगह स्वयं विपत्ति सहना

4- पराई आग में कूदना — द -सब से एक जैसा व्यवहार करना

**ई)46) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए-**

क) वह अध्यापक से बात करेगा । (भूतकाल में बदलिए)

ख) मैं आपका आभारी रहूँगा। (वर्तमानकाल में बदलिए)

ग) बूढ़ों को देखकर युवक हँसते हैं ।( भविष्यकाल में बदलिए)

**उ)47) अन्य लिंग रूप लिखिए-**

1)वृद्ध 2) भक्त ।

**ऊ)48) अन्य वचन रूप लिखिए-**

1-चोटी 2) भाषा ।

**ए)49) समानार्थक शब्द लिखिए-**

1-वनराज 2) प्रयत्न ।

**ऐ)50) विलोम शब्द लिखिए-**

1-दुर्बल 2) आय ।

**VI 51) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

राजा राममोहन राय बचपन से ही बड़े प्रतिभाशाली थे। उनके पिता ने उनकी पढ़ाई का समुचित प्रबंध किया । गाँव की पाठशाला में उन्होने बँगला सीखी । उन दिनों कचहरियों में फारसी का बोलबाला था । अतः उन्होने घर पर ही मौलवी से फारसी पढ़ी । नौ वर्ष की उम्र में वे अरबी की उच्च शिक्षा के लिए पटना भेजे गए । वहाँ वे तीन वर्ष तक रहे। उन्होने कुरान का मूल अरबी में अध्ययन किया । बारह वर्ष की उम्र में वे काशी गए । चार वर्ष तक वहाँ उन्होने संस्कृत का अध्ययन किया । इस बीच उन्होने भारतीय दर्शन का भी अध्ययन किया।

1- राजा राममोहन राय की पढ़ाई की व्यवस्था किसने की ?

2- राजा राममोहन राय ने बँगला कहाँ सीखी ?

3- उन्होने अरबी की शिक्षा कहाँ से प्राप्त की ?

4- बारह वर्ष की उम्र में वे कहाँ गए ?

5- उन्होने कितने वर्ष तक संस्कृत का अध्ययन किया ?

**52) किसी विषय पर पत्र लिखिए-**

अपनी भूलों के लिए क्षमा माँगते हुए अपने पिता को एक पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने क्षेत्र की गंदगी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए ।

**53) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए-**

1- Canada is an capitalist country .

2- Indian Economy is mixed economy.

3- The audience listened to his lecture carefully .

4- There is no rain this year .

5- Read all the instructions carefully before answering.